# लखनऊ यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल


**उपलब्धि**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** लखनऊ ने अंतरराष्ट्रीय पहचान की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) में गैस्ट्रोनॉमी श्रेणी में स्थान हासिल किया है। यूनेस्को के संस्कृति क्षेत्र के सहायक महानिदेशक एर्नेस्टो ऑट्टोने आर ने लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को यह सम्मान प्रदान किए जाने की औपचारिक सूचना देते हुए शहर को बधाई दी।

नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने यूनेस्को द्वारा भेजे गए महापौर सुषमा खर्कवाल के नाम का औपचारिक पत्र उन्हें सौंपा। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, नम्रता सिंह, डॉ अरविंद कुमार राव, अरुण कुमार गुप्त उपस्थित थे। यूनेस्को ने कहा कि लखनऊ का चयन उसके सांस्कृतिक समृद्धि, पाक परंपराओं की विशिष्टता और रचनात्मक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यूनेस्को ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है कि नेटवर्क से जुड़ने के बाद लखनऊ को संस्कृति और रचनात्मकता को अपनी विकास रणनीतियों के केंद्र में रखना होगा।

**2026 में मोरक्को के वार्षिक सम्मेलन में भी लखनऊ को भाग लेने का विशेष आमंत्रण मिला**

- लखनऊ की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत हुई
- यूनेस्को ने शहर के विज़न और क्षमता की सराहना की



## भविष्य की दिशा तय होगी

ऑनलाइन कार्यक्रम में यूनेस्कों ने कहा कि लखनऊ का यूसीसीएन परिवार में स्वागत हैं। हम शहर के साथ एक प्रभावी और प्रेरणादायक सहयोग की आशा करते हैं। लखनऊ के लिए यह उपलब्धि न सिर्फ सम्मान है, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला एक मील का पत्थर भी है।

## वैश्विक पहचान मजबूत हुई

लखनऊ की पहचान सांस्कृतिक और ऐतिहासिक राजधानी ही नहीं, विश्व स्तर पर क्रिएटिव सिटी के रूप में भी मजबूत हुई। शहर के नवाबी खान–पान, विविध व्यंजनों, तहजीब और रचनात्मक क्षमताओं को अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर व्यापक पहचान मिलेगी।

## सम्मेलन में होगी भागीदारी

शहर अब यूसीसीएन के विभिन्न कार्यक्रमों, रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं, वैश्विक सम्मेलनों और ज्ञान–विनिमय गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेगा। 2026 में मोरक्को के एस्साओइरा में वार्षिक सम्मेलन में भी लखनऊ को भाग लेने का विशेष आमंत्रण मिला है।